भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3160
सोमवार, 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आईटीडीसी के वाहन

†3160. डॉ. थोल तिरुमावलवनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वायु, रेल, सड़क, जल परिवहन वाहनों का स्वामित्व और संचालन भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के पास है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक श्रेणी में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है या कमी आई है;

(घ) क्या आईटीडीसी ने इन वाहनों के संचालन से कोई लाभ कमाया है; और

(ङ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान वाहन क्षेत्र से शुद्ध लाभ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के पास सड़क वाहनों का स्वामित्व है और यह अपने अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स (एटीटी) डिवीजन के माध्यम से उनका संचालन करता है।

(ख): आईटीडीसी, एटीटी ने मासिक किराया आधार पर दस कारें किराये पर दी हैं।

(ग): वाहनों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

(घ) और (ङ): किराये पर वाहन उपलब्ध कराना एटीटी के समग्र व्यवसाय का एक अभिन्न अंग है और इन वाहनों के लिए अलग से हिसाब किताब नहीं रखा जाता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों (एफवाई) के लिए एटीटी डिवीजन के लाभ संबंधी आंकड़े निम्नानुसार हैं:

वित्तीय वर्ष	करोड़ रु. में
2019-20	0.32
2020-21	-4.71
2021-22	1.51

*****